आइआइएम में शुरू की गई ह्यूमन कनेक्ट शृंखला

जासं, रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने द ह्यूमन कनेक्ट शृंखला शुरू की है। यह छात्रों के मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए काउंसिलिंग सेल और रेखी सेंटर आफ एक्सीलेंस फार द साइंस आफ हैप्पीनेस के सहयोग से आइआइएम रांची का प्रमुख कार्यक्रम है। आइआइएम रांची के निदेशक डा. दीपक कुमार श्रीवास्तव की यह एक अनूठी पहल है। शृंखला अब तक एक ऐसी संस्कृति बनाने की दृष्टि से सफल रही जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में उपयोगी है। कार्यक्रम का संचालन प्रो तनुश्री दत्ता और प्रो गौरव मनोहर मराठे कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य आइआइएम रांची परिवार के सदस्यों के बीच संबंध और समुदाय की गहन भावना को बढ़ावा देना है।

Dainik Jagran, 23.02.2023, Pg. 04